पत्र संख्या-1-चरित्र पंजिका / वार्षिक प्रविष्टि परिपत्र / 2020-21/ 2016 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ / दिनांक 22 सितम्बर, 2021

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2, वाणिज्य कर उ0प्र0।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर / डिप्टी कमिश्नर /
असिस्टेन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी उत्तर प्रदेश।
समस्त संयुक्त निदेशक / उप निदेशक / सांख्यिकीय अधिकारी /
एवं अपर सांख्यिकीय अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया मुख्यालय के परिपत्र संख्या-स्था-1-चरित्र पंजिका/वार्षिक प्रविष्टि परिपत्र/ 2020-21/1562 दि0 17-08-2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिये प्रतिवेदक / समीक्षक / स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टियॉ अंकित किये जाने हेतु तिथि भी निर्धारित की गयी थी।

चूंकि मा0 वित्त मंत्री, नई दिल्ली की अध्यक्षता में जी0एस0टी0 काउन्सिलं की 45वीं बैठक लखनऊ में आयोजित की गई थी, जिसके दृष्टिगत वाणिज्य कर विभाग में कार्यरत अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाये जाने के कारण कतिपय अधिकारियों द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रतिवेदक / समीक्षक / स्वीकर्ता अधिकारी के रुप में अपना मन्तव्य ऑनलाइन अपलोड नहीं किया जा सका है, जिसके दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु प्रतिवेदक / समीक्षक / स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टियॉ अंकित किये जाने हेतु तिथि पुन: निम्न प्रकार निर्धारित की जाती है :-

क्र0सं0	प्रतिवेदक अधिकारी	समीक्षक अधिकारी	स्वीकर्ता अधिकारी
1.	दिनांक 19-10-2021	दिनांक 19-11-2021	दिनांक 19-12-2021

अत: कमिश्नर वाणिज्य कर द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि वर्ष 2020-21 के लिये प्रतिवेदक / समीक्षक / स्वीकर्ता अधिकारी के रुप में प्रविष्टियॉ अंकित करने हेतु उक्त निर्धारित समय-सीमा का पालन करना प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। यह पत्र कमिश्नर, वाणिज्य कर के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

(शिशिर प्रकाश)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0राज0) वाण्ज्यि कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु प्रतिवेदक / समीक्षक / स्वीकर्ता अधिकारी के लिये उक्त निर्धारित समय-सीमा तक पोर्टल खोले जाने हेतु।

2- कम्प्यूटर ऑपरेटर स्थापना राजपत्रित अनुभाग।

22.9.21

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0राज0) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।